Date :- 13-04-2025

Dainik Bhaskar, Page-ii, Surat

मेट्रो प्रोजेक्टः तापी पर सामान्य रोड ब्रिज से 7 मीटर अधिक ऊंचा ब्रिज बन रहा

संडे फोटो स्टोरी

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो रेल परियोजना के तहत तापी नदी पर एक विशेष मेट्रो पुल बनाया जा रहा है। यह मेट्रो के टेक्सटाइल कॉरिडोर का अहम ब्रिज है। यह कॉरिडोर सूरत शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ेगा, इस पुल के निर्माण में विशेष सावधानी बरती जा रही है ताकि नदी में पानी के प्रवाह में कोई रुकावट न आए। अन्य स्थानों पर आमतौर पर 20 से 25 मीटर के स्पान का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन इस ब्रिज के लिए 50 मीटर लंबे 8 स्पान लगेंगे। सूरत मेट्रो के इस पुल के लिए कुल 144 बॉक्स सेगमेंट का उपयोग किया जाएगा। नदी तट से पुल के निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री और उपकरणों का परिवहन जेटी के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। • फोटो रितेश पटेल

20 मीटर ऊंचा होगा यह मेट्रो ब्रिज | यह पुल तापी नदी के जलस्तर से 20 मीटर ऊपर होगा। सामान्य सड़क पुल से लगभग पांच से सात मीटर ऊंचा होगा। पुल की कुल ऊंचाई की बात करें तो इसकी ऊंचाई 20 मीटर तक होगी। जिस पर गर्डर रखा जाएगा। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि इसे अडाजण और चौपाटी के बीच बनाया जा रहा है, इसका निर्माण कार्य शुरू भी हो चुका है।